# आयुष्मान भारत-PMJAY योजना में ओडिशा का शामिल होना

**स्रोत: पी.आई.बी.**

ओडिशा **आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (ABPM-JAY)** को अपनाने वाला 27वाँ राज्य बन गया है, हालाँकि 26 राज्य और सभी 7 केंद्रशासित प्रदेश पहले से ही इसमें शामिल हैं (**दिल्ली** और **पश्चिम बंगाल ABPM-JAY में शामिल नहीं हुए** हैं)।

- ABPM-JAY एक **केंद्र प्रायोजित योजना है, जिसमें** केंद्र तथा राज्यों के लिये लागत अनुपात **60:40 है जो** पूर्वोत्तर राज्यों, हिमालयी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के लिये **90:10 है। हालाँकि राज्यों के** पास इस योजना से **पृथक रहने का विकल्प है।**
- **अभिसरण: ABPM-JAY ओडिशा की मौजूदा गोपबंधु जन आरोग्य योजना (GJAY)** के साथ संचालित होगी।
  - GJAY ओडिशा में आर्थिक रूप से वंचित वर्गों को **सस्ती और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करता है।**
- **कवरेज़ विवरण: प्रत्येक परिवार को प्रति वर्ष 5 लाख रुपए** तक का कवरेज़ मिलेगा, जिसमें **महिला सदस्यों के लिये अतिरिक्त 5 लाख रुपए शामिल होंगे।** ओडिशा में कुल **1.03 करोड़ परिवार** लाभान्वित होंगे।

## ABPM-JAY का परिचय:

- यह भारत में **55 करोड़ व्यक्तियों** को **द्वितीयक एवं तृतीयक देखभाल** के लिये स्वास्थ्य कवरेज़ प्रदान करता है, जिससे **12.3 करोड़ परिवार लाभान्वित होते हैं।**
  - यह **विश्व की सबसे बड़ी स्वास्थ्य कवरेज़ योजना है,** जो भारत की **लगभग 45% आबादी को कवर करती है।**
- इस योजना के अंतर्गत अब **70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को** मुफ्त **उपचार की सुविधा प्रदान की जाएगी।**
- **ABPM-JAY के अंतर्गत 30,985 पैनलबद्ध अस्पतालों** का नेटवर्क शामिल है, जिसमें **12,881 निज़ी अस्पताल 27 स्पेशलटीज़ (Specialties)** में 2,000 से अधिक **चिकित्सा सेवाएँ प्रदान करते हैं।**

**और पढ़ें...** आयुष्मान भारत

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/odisha-joins-ayushman-bharat-pmjay-scheme